CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 172 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 14 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## प्रदेशभर में 25 दिसंबर तक चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान

### सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर से किया राज्य स्तरीय शुभारंभ





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार ने 25 दिसंबर तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत की है। शनिवार को जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत गुब्बारे उड़ाकर की और सड़क सुरक्षा अभियान से जुड़े पोस्टरों का विमोचन किया। इसके बाद वाहनों पर रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाकर अभियान को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इन स्टिकरों का उद्देश्य रात्रि में वाहनों की दृश्यता बढ़ाकर दुर्घटनाओं को कम करना है। मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित सैकड़ों लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने दिव्यांगजनों से भी तिपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया।

परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि यह अभियान 25 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। अभियान के तहत यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ सभी जिलों में जिला स्तरीय आयोजन भी किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा सहित परिवहन विभाग और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान आंदोलन पर मंत्री किरोड़ी लाल का बड़ा बयान

### बोले- विपक्ष किसानों को भड़का रहा, हिंसा बर्दाश्त नहीं



**भीलवाड़ा फोकस @ अलवर।**

किसान आंदोलन और हनुमानगढ़ के टिब्बी क्षेत्र में हुई हिंसा को लेकर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने विपक्ष पर सीधा आरोप लगाया है। मीणा ने कहा है कि बड़े-बड़े नेता किसानों को उकसाने का काम कर रहे हैं, जिससे स्थिति बिगड़ रही है। मंत्री शनिवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा दिए गए बयानों से किसानों में भ्रम फैलाया जा रहा है। जिस परियोजना को पहले जनहित में बताया गया था, उसी को अब मुद्दा बनाकर लोगों को भड़काया जा रहा है। मीणा ने कहा कि सरकार किसानों से संवाद के लिए तैयार है। यदि किसान प्रतिनिधिमंडल जयपुर आना चाहे तो मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठाकर उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो सरकार स्वयं मौके पर जाकर भी बात करेगी, लेकिन कानून-व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। कृषि मंत्री ने स्वीकार किया कि किसानों को प्रदूषण को लेकर आशंका है। करीब 500 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट एशिया का सबसे बड़ा बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसटीपी प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे प्रदूषण की संभावना नहीं रहेगी। भिवाड़ी, बालोतरा और जोधपुर जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने माना कि पूर्ववर्ती सरकार किसानों को विश्वास में लेने में विफल रही।

डॉ. मीणा ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन का अधिकार है, लेकिन वह गांधीवादी होना चाहिए। हिंसा होगी तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर भी 138 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन इससे आंदोलन जायज नहीं हो जाता। मंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार में बार-बार पेपर लीक हुए, जबकि वर्तमान सरकार के दो साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सरिस्का होटल प्रकरण पर उन्होंने कहा कि वे भी कई बार पूरी जानकारी के बिना मुद्दे उठा देते थे। वहीं सिलीसेढ़ का पानी अलवर लाने को लेकर मुख्यमंत्री और वन मंत्री से सहमति होने की बात भी कही। प्रेस वार्ता में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलेक्टर, एसपी, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## दो साल में बदला राजस्थान का ट्रैकः बैरवा बोले कथनी नहीं, करनी की सरकार

### पूर्ववर्ती शासन पर निशाना, कहा अब विकास, भरोसा और पारदर्शिता साथ-साथ




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को भीलवाड़ा के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में उपमुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भजनलाल शर्मा सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नव उत्थान नई पहचान और बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार ने बीते दो वर्षों में विकास को नई दिशा दी है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जहां अस्थिरता, पेपर लीक और योजनाओं की धीमी रफ्तार देखने को मिली, वहीं वर्तमान डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को सुशासन, पारदर्शिता और भरोसे का वातावरण दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा, उसे जमीन पर उतारा है यही सबसे बड़ा अंतर है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में जनता से किए गए अधिकांश वादे दो वर्षों में पूरे किए जा चुके हैं और शेष को भी शीघ्र शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कथनी और करनी में अंतर नहीं रखती।

डॉ. बैरवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि रामसेतु परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिससे राजस्थान के कई जिलों को जल उपलब्धता का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे दीर्घकालिक जल समाधान की दिशा में बड़ा कदम बताया।

बैरवा ने बताया कि राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के साथ नए जीएसएस स्थापित कर विद्युत तंत्र को मजबूत किया गया है। सड़क विकास के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिससे आवागमन सुगम हुआ है और ग्रामीण-शहरी संपर्क बेहतर हुआ है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि पिछले दो वर्षों में आयोजित सभी परीक्षाएं सफलतापूर्वक और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई हैं तथा एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। इससे युवाओं और आमजन में सरकार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू अब केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अधिकांश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

प्रेस ब्रीफिंग में सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ाः जनजागरूकता के उद्देश्य से भटकता नजर आया अभियान

### वाहन रैली तक सिमटा आयोजन, आमजन की भागीदारी रही नदारद

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(मूलचंद पेसवानी)** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शाहपुरा में इन दिनों सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। हालांकि अभियान का तीसरा दिन भी अपेक्षित जनजागरूकता पैदा करने में असफल नजर आया।

शनिवार को पुलिस थाना परिसर से पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक वाहन रैली निकाली गई। विभागीय स्तर पर इसे सड़क सुरक्षा संदेश का माध्यम बताया गया, लेकिन रैली में आम नागरिकों की भागीदारी न के बराबर



रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना आमजन तक समय पर नहीं पहुंचाई गई, जिससे सहभागिता सीमित रह गई। सूत्रों के अनुसार रैली में कुछ टैक्सी चालकों को बुलाकर और विभागीय वाहनों के साथ औपचारिकता निभाई गई। न तो विद्यालयों के विद्यार्थियों को जोड़ा गया और न ही सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों या आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। ऐसे में अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा के पालन, नशे में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयों पर जागरूकता के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। लेकिन आम नागरिकों को अभियान से जोड़ने में कमी के चलते यह उद्देश्य अधूरा प्रतीत हो रहा है।

रैली के दौरान कई नागरिकों ने आपस में चर्चा करते हुए कहा कि केवल वाहन रैली निकाल देने से सड़क सुरक्षा की भावना मजबूत नहीं हो सकती। यदि आयोजन में जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाती, तो अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते थे।

उल्लेखनीय है कि शाहपुरा में जिला परिवहन अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसे वरिष्ठ अधिकारी पदस्थापित हैं। इसके बावजूद प्रचार-प्रसार और आयोजन की योजना में कमी स्पष्ट दिखाई दी। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर चलाए जाने वाले अभियानों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

अब आमजन की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा वास्तविक जनजागरूकता का स्वरूप ले पाएगा या यह केवल औपचारिक कार्यक्रमों तक ही सीमित रह जाएगा।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

### मोबाइल पर बात करते चालक पर लापरवाही का आरोप, मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @बिजौलिया।**

छोटी बिजौलिया क्षेत्र में बीते एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सांगरिया के पास तेज गति और गलत दिशा में आ रहे एक डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

छोटी बिजौलिया निवासी जगदीश पुरी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते सोमवार को उसका भतीजा महेश पुत्र शंकरपुरी अपने मित्र विनय धाभाई निवासी बिजौलिया के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से तिलस्वां नाथ के दर्शन के लिए जा रहा था। दोनों युवक जब सांगरिया के समीप पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से लहराते हुए आ रहे डंपर ने गलत दिशा में आकर बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था।

हादसे में महेश पुरी के सिर में गंभीर चोटें आई, जबकि विनय धाभाई के हाथ और पैरों में गहरी चोटें लगीं।



टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों की पहचान कर तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत कोटा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद महेश पुरी की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस ने जगदीश पुरी की रिपोर्ट के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुशासन के दो वर्ष पूर्णः आज बिजौलियां पहुंचेगा 'बदलता राजस्थान बढ़ता राजस्थान' विकास रथ

## नगर पालिका करेगी कई जनजागरूकता, सफाई एवं सांस्कृतिक विरासत संरक्षण गतिविधियाँ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

प्रदेश में भाजपा सरकार के सुशासन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यभर में आयोजनों की श्रृंखला शुरू हो गई है। इसी क्रम में 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' विकास रथ रविवार को बिजौलियां पहुंचेगा। यह उत्सव 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसके तहत सड़क सुरक्षा अभियान, लाभार्थी सम्मेलन, सेवा फॉलोअप शिविर, महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, 'रन फॉर विकसित राजस्थान', पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, सफाई अभियान और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नगर पालिका बिजौलियां के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि इस मौके पर नगरपालिका स्तर पर विशेष गतिविधियाँ शुरू की जा रही हैं। शनिवार को आमजन और व्यापारियों को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग व भंडारण से रोकने के लिए समझाइश और जब्ती अभियान चलाया गया। साथ ही घर-घर दो डस्टबिन अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा।



### बिजौलियां की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का अभियान

अधिशासी अधिकारी मंगल ने बताया कि बिजौलियां रियासतकालीन इतिहास, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां मन्दाकिनी महादेव मंदिर, पार्श्वनाथ जैन तीर्थ और शक्ति पीठ के दर्शन के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। परंतु संरक्षण के अभाव में परकोटा दीवार की स्थिति चिंताजनक हो गई है, जिस पर पर्यटक भी खेद जताते हैं। विधायक गोपाल खंडेलवाल की प्रेरणा से परकोटा दीवार को वॉकिंग ट्रैक के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए नगर पालिका द्वारा पहले परकोटे की पूर्ण सफाई कराई जाएगी, बाद में तकनीकी सलाहकारों की मदद से दीवार की मरम्मत व सौंदर्यकरण किया जाएगा। परकोटे के दरवाजों का नवीनीकरण भी शुरू हो चुका है। बडा़ दरवाजा पंचायत चौक से कार्य प्रगति पर है, जहां महाराणा प्रताप और मीरा बाई से जुड़े चित्रों से इतिहास को जीवंत किया जाएगा।

### 14 दिसंबर को परकोटा सफाई हेतु सामूहिक श्रमदान

नगर पालिका ने 14 दिसंबर रविवार को परकोटा दीवार की सफाई के लिए बड़े पैमाने पर श्रमदान कार्यक्रम तय किया है। लगभग 1251 मीटर लंबी इस दीवार को साफ करने के लिए अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आमजन से जुड़ने की अपील की गई है। अधिकारियों का कहना है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपना एक मीटर हिस्सा भी साफ करे तो परकोटा एक ही दिन में स्वच्छ रूप में सामने आ सकता है। इसके विधायक गोपाल खंडेलवाल, प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने क्षेत्रवासियों से 14 दिसंबर को सुबह 8 बजे परकोटा सफाई और संरक्षण अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि इस धरोहर का संरक्षण पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र के व्यवसायियों के व्यापार को भी नई दिशा देगा।

# अनुराग बाला पाराशर की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा 15 से

**भीलवाड़ा फोकस @शाहपुरा।**



(**मूलचंद पेसवानी**) नगर की सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं लेखिका स्वर्गीय अनुराग बाला पाराशर की पुण्य स्मृति में 15 से 21 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन आसींद रोड स्थित मालिनी वाटिका में प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगा।

कथा महोत्सव में मथुरा के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरुणाचार्य महाराज श्रीकृष्ण लीलाओं और भागवत तत्वज्ञान का प्रवचन देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे परशुराम स्मारक स्थल से मालिनी वाटिका तक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

आयोजक डॉ. कमलेश कुमार पाराशर ने नगरवासियों व श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

# झालरा गांव के ग्रामीणों ने थामा भाजपा का दामन

## विधायक गोपीचंद मीणा की मौजूदगी में जन संवाद केंद्र पर हुए शामिल



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

(**गजानंद जोशी**) विधानसभा क्षेत्र की बावड़ी पंचायत के झालरा गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन के नेतृत्व में ग्रामीण जहाजपुर स्थित जन संवाद केंद्र पहुंचे, जहां विधायक गोपीचंद मीणा की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी में शामिल हुए ग्रामीणों ने बताया कि कांग्रेस की विचारधारा से वे निराश हो चुके हैं, वहीं क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। विधायक मीणा ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा के साथ देशहित में कार्य करता है। पार्टी बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध बजरी परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

(**सांवर वैष्णव**) बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी महेंद्र मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गेंदलिया के पास रेण सरहद में अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने ले आई और माइनिंग विभाग को इसकी सूचना दी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

# शादी में जा रहे दंपती को ट्रक ने कुचला, पति की मौके पर मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे पर शनिवार को सड़क हादसे में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा।

जानकारी के अनुसार, हादसा गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर बालाजी होटल के पास हुआ। गुलाबपुरा निवासी अरविंद शर्मा अपनी पत्नी विजय लक्ष्मी के साथ बाइक से भीलवाड़ा एक विवाह समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर चल रहे मेंटेनेंस कार्य के कारण बने गड्ढे में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अरविंद शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और आक्रोश के चलते कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर गुलाबपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश कर यातायात सुचारू करवाया। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# भोपतपुरा के दो युवाओं का भारतीय सेना में चयन, गांव में उत्साह का माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**मानव तिवारी।** क्षेत्र के भोपतपुरा गांव के दो युवाओं का भारतीय सेना में चयन होने से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। राहुल बंजारा पुत्र जोधराज एवं अरुण बंजारा पुत्र रायसिंह के चयन की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया।

सिविल डिफेंस कर्मी लोकेन्द्र बंजारा ने बताया कि भोपतपुरा गांव में संचालित दिलेर डिफेंस अकादमी के माध्यम से युवाओं को सेना भर्ती से पूर्व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण का परिणाम है कि गांव के युवा लगातार भारतीय सेना में चयनित हो रहे हैं। भोपतपुरा हाई स्कूल के शिक्षक मुकेश प्रजापति एवं महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों चयनित युवा विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। छात्र जीवन से ही वे अनुशासित, मेहनती और प्रतिभाशाली रहे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी गांव का एक अन्य युवा अनिल भारतीय सेना में चयनित हो चुका है, जिससे क्षेत्र में देश सेवा की भावना और मजबूत हुई है। युवाओं के चयन की खुशी में



शनिवार को कस्बे से भोपतपुरा तक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकाले गए जुलूस में ग्रामीणों ने नारेबाजी कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। गांव पहुंचने पर दोनों युवाओं का माला पहनाकर, गले मिलकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

# विधायक मीणा ने हरी झंडी दिखाकर विकास रथ यात्रा का किया शुभारंभ

## बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान के तहत गांव-गांव पहुंच रहा विकास का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

(**गजानंद जोशी**) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। पंचायत समिति परिसर में विधायक गोपीचंद मीणा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर पंचायत समिति प्रशासक राजकेश मीणा, किशोर शर्मा सहित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक मीणा ने भाजपा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, सरपंचों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान



किया कि वे विकास रथ यात्रा के साथ चलकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

विकास रथ यात्रा जहाजपुर से प्रस्थान कर ग्राम पंचायत गांगीथला, धुवाला, ऊंचा, टीकड़ सहित विभिन्न गांवों में पहुंची, जहां ग्रामीणों को राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से सरकार के कार्यों को लेकर फीडबैक भी लिया गया।

विधायक मीणा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में चुनाव आते ही स्वार्थवश तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते थे, जबकि भाजपा सरकार ने केवल दो वर्षों में ही प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकास रथ यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है। विधायक मीणा ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी शासन, निरंतर विकास और आमजन के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है, जिसका प्रमाण बीते दो वर्षों में किए गए कार्य हैं।



QUICK BITES

## अंतरराष्ट्रीय कोरियर सेवा शुरू, व्यापारियों व आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में शनिवार को बिजौलिया में अंतरराष्ट्रीय कोरियर सेवा का शुभारंभ किया गया। सेवा शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है, वहीं व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कस्बे के तेजाजी चौक में स्थापित अंतरराष्ट्रीय कोरियर सेवा केंद्र का उद्घाटन जोनल मैनेजर गजेन्द्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में इंडसइंड बैंक के प्रबंधक दुर्गेश धाकड़, अखिल भारतीय धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पू लाल धाकड़ सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कोरियर केंद्र के संचालक नरेश धाकड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित नागरिकों ने बताया कि इस सेवा के शुरू होने से बिजौलिया सेंड स्टोन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। अब व्यापारियों और आमजन को पार्सल व दस्तावेज भेजने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी।

## बीगोद के दो युवाओं का अग्निवीर में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में कस्बे के दो युवाओं का प्रथम प्रयास में अंतिम चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चयनित युवाओं की इस उपलब्धि पर शनिवार को त्रिवेणी चौराहे पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

प्रभुनाथ योगी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती परीक्षा में राहुल तेली (खाचरोल) एवं गौतम रायका (माकड़ियां) ने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर भारतीय सेवा में स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया।

सम्मान समारोह में सरपंच हरजी रायका, पूर्व सरपंच रामप्रसाद जाट, जगदीश तेली, देवकिशन मेवाड़ा, गौतम पुरी, महेंद्र जाट, चेतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विकास रथ के साथ सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

### सांसद और विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए विकास रथ को शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। विकास रथ को सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत चल रहे पखवाड़े के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से एक विशाल वाहन रैली भी निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों तक संदेश पहुंचाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि विकास रथ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

विधायक अशोक कोठारी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि यह न केवल स्वयं की बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन तथा यातायात नियमों के प्रति सजग रहने की अपील की।

रैली से पूर्व अतिथियों द्वारा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टरों का विमोचन किया गया तथा सामाजिक जागरूकता के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाए गए।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अक्षत कुमार सिंह, जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई नवोदय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा, सावर केंद्र पर 88.88 प्रतिशत रही उपस्थिति

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ । परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ।

परीक्षा केंद्र पर कुल 171 विद्यार्थियों का पंजीकरण था, जिनमें से 152 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 19 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में 88.88 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

परीक्षा केंद्र के बाहर सुबह से ही परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों का जमावड़ा देखने को मिला। सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सावर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

परीक्षा का आयोजन सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया, जिसमें कुल 2 घंटे का प्रश्नपत्र रहा। परीक्षा के दौरान नवोदय विद्यालय के सीएलओ परमानंद गुर्जर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निरंजन शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त सीबीईओ डॉ. मधु गुप्ता एवं एसीबीईओ नेमीचंद सामरिया ने भी केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार झांकल ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की मौजूदगी में चमनपुरा से विकास रथ रवाना





भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बदलता राजस्थान, हमारा राजस्थान अभियान के तहत क्षेत्र में विकास और जनसंवाद की गतिविधियों में शनिवार को चमनपुरा से विकास रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया, वहीं पंचायत समिति बनेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का भव्य स्वागत किया गया।

'बदलता राजस्थान, हमारा राजस्थान' अभियान के अंतर्गत आयोजित रथ यात्रा को शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने ग्राम पंचायत मुख्यालय चमनपुरा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ यात्रा चमनपुरा से महुआ खुर्द, खेड़लिया, बबराना होते हुए रात्रि विश्राम के लिए बनेड़ा पहुंचेगी।इस अवसर पर विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में राजाधिराज गोपाल चरण सिंह, एसडीएम श्रीकांत व्यास, बनेड़ा प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह, जिला मंत्री राजेन्द्र बोहरा, बनेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक चेचाणी, रायला मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक, डाबला सरपंच प्रद्युमन सिंह, जिला परिषद सदस्य शंकर जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में पंचायत समिति बनेड़ा में प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के कार्यकाल की समाप्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के आने पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पंचायत समिति के निवर्तमान प्रधान एवं सदस्यों के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की सराहना की गई। साथ ही भविष्य में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास, बनेड़ा मंडल अध्यक्ष अशोक चेचाणी, जिला मंत्री राजेन्द्र बोहरा, भाजपा नेता लक्ष्मी लाल सोनी, रथ यात्रा संयोजक कैलाश धाकड़, सहसंयोजक महावीर सैनी, भाजपा एवं भाजयुमो पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशनः सावर में 14 माह से संविदा कर्मचारियों का वेतन अटका

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



प्रतीकात्मक इमेज

**(दिलखुश)**। जल जीवन मिशन के तहत सावर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पिछले 14 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कुशायता, गोरधा, पिपलाज, सदारा, कालेडा कंवरजी, आलोली सहित कई पंचायतों के कर्मचारी अक्टूबर 2024 से बिना भुगतान के काम कर रहे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन पंचायत प्रशासन की लापरवाही के चलते उनका वेतन लंबे समय से लंबित है। भुगतान नहीं होने से परिवारों का पालन-पोषण कठिन हो गया है। इस संबंध में कर्मचारियों ने केकड़ी के अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दो बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के संभाग अध्यक्ष सीताराम वैष्णव ने बताया कि विभागीय दिशानिर्देशों की अस्पष्टता के कारण भुगतान अटका हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर जनवरी में अजमेर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ कर्मचारियों को दो वर्ष से अधिक समय से भी वेतन नहीं मिला है ।

# तालाब की लहरों पर सजी बारात, नावों में बैठकर दूल्हा पहुंचा दुल्हन के द्वार

## लाखोला गांव की अनोखी शादी ने जीता पूरे इलाके का दिल





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(मूलचंद पेसवानी)** शादियों के मौसम में कुछ विवाह ऐसे होते हैं, जो केवल रस्मों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि यादों में बस जाते हैं। भीलवाड़ा जिले के गंगापुर क्षेत्र के लाखोला गांव में जाट परिवार की एक शादी ने ऐसा ही उदाहरण पेश किया, जिसने पूरे इलाके को आश्चर्य और खुशी से भर दिया। इस विवाह में बारात सड़क से नहीं, बल्कि तालाब की लहरों पर नावों में सवार होकर दुल्हन के गांव तक पहुंची। लाखोला गांव के पलाया परिवार में जगदीश जाट, पुत्र मांगी लाल जाट का विवाह था। दुल्हन का गांव बघेरा, जो मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर है। आमतौर पर यह दूरी वाहनों से तय की जाती है, लेकिन परिवार ने तय किया कि यह बारात सिर्फ मंजिल नहीं, दिलों तक पहुंचेगी। इसी सोच ने इस विवाह को एक अनोखी पहचान दे दी।

शादी वाले दिन सुबह से ही गांव का माहौल अलग नजर आया। गांव के तालाब को आधा दर्जन से अधिक सजी-धजी नावों से सजाया गया। रंग-बिरंगे गुब्बारे, फूलों की सजावट और ढोल-नगाड़ों की थाप ने तालाब के किनारे उत्सव का दृश्य रच दिया। पारंपरिक परिधान में सजे दूल्हा जगदीश जाट जब बारातियों के साथ तालाब पर पहुंचे, तो हर निगाह ठहर सी गई।

नाचते-गाते बाराती नावों में सवार हुए और जैसे ही नावें लहरों पर आगे बढ़ीं, पूरा तालाब मानो खुशी से झूम उठा। नावों में खड़े मुस्कुराते चेहरे, मोबाइल कैमरों में कैद होते दृश्य और गीत-संगीत की गूंज किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं थी। तालाब के रास्ते जाती इस बारात को देखकर आसपास के गांवों में कौतूहल फैल गया। लोग घरों से बाहर निकल आए, बच्चे तालियां बजाने लगे और बुजुर्ग यह कहते नजर आए , ऐसी बारात तो पहली बार देखी।' कुछ पलों के लिए समय मानो ठहर सा गया।

बघेरा गांव पहुंचते ही दुल्हन पक्ष ने इस अनोखी बारात का जोरदार स्वागत किया। नावों से उतरते दूल्हा और बारातियों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया।

# दौलपुरा में ग्राम पंचायत स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

## तिलहनी फसलों की उन्नत तकनीकों की दी गई जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**

**(महावीर वैष्णव)** क्षेत्र की दौलपुरा ग्राम पंचायत में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिदिन लगभग 30 किसानों ने भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।



प्रशिक्षण के दौरान सहायक कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार मीणा ने किसानों को तिलहनी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, बीज एवं भूमि उपचार, खरपतवार प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, उन्नत किस्मों तथा उर्वरक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व सहायक कृषि अधिकारी शांतिलाल जैन ने तिलहनी फसलों में जिप्सम के उपयोग, क्षारीय भूमि सुधार, कीट एवं रोगों की पहचान, उनके जीवन चक्र, समन्वित कीट प्रबंधन तथा रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित छिड़काव के तरीकों से किसानों को अवगत कराया। स्थानीय वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक महावीर वैष्णव ने विभागीय अनुदानित योजनाओं की जानकारी देते हुए धरती माता बचाओ अभियान के तहत रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग की शपथ दिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान गिरदावरी, राज किसान सुविधा एप एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई।

# श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## बानोड़ा बालाजी के दिव्य रथ के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

धार्मिक आस्था के केंद्र बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर, लाडपुरा में शनिवार को बानोड़ा बालाजी के सानिध्य में आयोजित श्रीराम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं।



महायज्ञ के अवसर पर बानोड़ा बालाजी का श्रीराम दिव्य रथ, शेषावतार कल्लाजी महाराज सहित अन्य रथों के साथ लाडपुरा पहुंचा। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान बनोड़ा बालाजी एवं कल्लाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। रथ यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महायज्ञ में दर्जनों दंपतियों ने विधिवत आहुतियां देकर सुख, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर खुशहाल जीवन की प्रार्थना की तथा बिहारी नाथ देवनारायण के भी दर्शन किए।कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के सभी गांवों के श्रद्धालुओं ने तन, मन और धन से सहयोग किया।

# खाद वितरण को लेकर किसानों की भारी भीड़, 780 कट्टे वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

कृषि विभाग के निर्देशन में कस्बे में आधार कार्ड के माध्यम से खाद वितरण किया गया। खाद लेने के लिए बेइ, बरोदा, बाकरा, खेरूना, टीटोडा सहित कई ग्राम पंचायतों के किसान बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह से ही वितरण केंद्र पर किसानों की लंबी कतारें लग गईं।

इस दौरान कुल 780 कट्टे खाद का वितरण किया गया, लेकिन मांग अधिक होने के कारण कई किसान खाद नहीं मिलने से निराश होकर लौटे। किसानों का कहना है कि रबी सीजन के चलते खाद की आवश्यकता बढ़ गई है, जबकि आपूर्ति सीमित होने से परेशानी हो रही है। खाद वितरण कार्य में सहायक कृषि अधिकारी अमित कुमार जागेटिया, कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीना एवं अंजली मीना मौजूद रहे। आधार कार्ड सत्यापन के बाद ही किसानों को खाद उपलब्ध कराया गया।किसानों ने विभाग से शीघ्र और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सभी जरूरतमंद किसानों को समय पर खाद मिल सके और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।

# माहेश्वरी महिला संगठन ने जरूरतमंद प्रसूता को दवाइयां उपलब्ध कराईं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा अरिहंत हॉस्पिटल में एक जरूरतमंद महिला को बालिका के जन्म के अवसर पर प्रसूति से संबंधित आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। संगठन की अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने बताया कि भविष्य में भी आवश्यकता होने पर संगठन की ओर से सहयोग जारी रखा जाएगा।



प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को प्रसूति के दौरान दवाइयां उपलब्ध कराना एक अनुकरणीय कदम है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देता है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अंकिता राठी, जिला उपाध्यक्ष निशा काकाणी, सुनीता बलदवा सहित हॉस्पिटल स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### महुआ में दो समितियों में यूरिया खाद्य वितरण,पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं,निराश लौटे किसान

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**



**महावीर वैष्णव ।** कस्बे सहित क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत से धरतीपुत्र को परेशान होना पड़ रहा हैं।किसानों को मांग के अनुसार यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा हैं।वही महुआ कस्बे में करीबन 9 दिन बाद ग्राम सेवा सहकारी समिति और बिजोलिया क्रय विक्रय समिति में शनिवार को सुबह यूरिया खाद के 670 कट्टे आए और सुबह से ही यूरिया खाद लेने के लिए भारी संख्या में किसान दोनों समितियों के बाहर लंबी लाइने लग गई और कृषि विभाग के अधिकारीयो की मौजूदगी में एक राशन कार्ड पर एक व्यक्ति को एक यूरिया खाद का कट्टा वितरण किया गया।किसानों के मांग अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं होने से समितियों में यूरिया खाद्य खत्म हो गया और कई किसानों को बिना खाद के वापस निराश होकर लौटना पड़ा।वहीं किसनो का कहना है कि कई जगहों पर समितियों में खाद नहीं होने से किसानों की समस्या बढ़ती जा रही हैं।किसानों ने प्रशासन से जल्द ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए।

### अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन को लेकर पदाधिकारीयो ने कि सभापति से विस्तृत चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।**



अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के के नेतृत्व में आगामी 9 से 11 जनवरी तक सूर्यनगरी जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन होगा। यह आयोजन सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का विराट उत्सव होगा, जिसमें देश-विदेश से समाज के प्रबुद्धजन और समाजबधू शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती के नेतृत्व में जिला पदाधिकारीयों ने अधिवेशन मे आवास व्यवस्था सहित माहेश्वरी समाज की सहभागिता एवं माहेश्वरी गौरव ग्रंथ के प्रकाशन के संदर्भ में महासभा के सभापति संदीप काबरा एवं अन्य पदाधिकारीयो से जोधपुर में उनके निजी आवास पर भेंट कर विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला मंत्री रमेश राठी, कोषाध्यक्ष सुशील मरोटिया, नगर सभा संगठन मंत्री प्रमोद कुमार डाड उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती ने बताया की माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर समाजहित मे आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

### सरथला श्याम की बारात का हुआ भव्य स्वागत

**ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर की आरती, भक्ति में झूमा कस्बा**

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**(सांवर वैष्णव)** कस्बे में सरथला श्याम की बारात का शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। ठाकुरजी की बारात भीलवाड़ा में आयोजित एक विवाह समारोह में जा रही थी, इसी दौरान सवाईपुर के मुख्य चौराहे पर ग्रामीणों ने भक्ति भाव से स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार, सरथला श्याम की बारात के पहुंचते ही ग्रामीणों ने हरी बोल प्रभात फेरी के साथ भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान ठाकुरजी पर पुष्प वर्षा की गई, फूलों की माला पहनाई गई तथा विधिवत आरती उतारकर प्रसादी का भोग लगाया गया। जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं, सवाईपुर चौकी पुलिस भी मौके पर तैनात रही और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा।

### पुलिस निगरानी में हुआ यूरिया खाद वितरण

**सुबह से कतारों में खड़े रहे किसान, 640 कट्टों के लिए उमड़ी भारी भीड़**

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**(सांवर वैष्णव)** कस्बे में शनिवार को यूरिया खाद का वितरण किया गया। किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए खाद वितरण पुलिस की निगरानी में किया गया। रबी सीजन में गेहूं, जौ, चना और सरसों की फसलों के लिए यूरिया की मांग बढ़ने से किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सवाईपुर स्थित एक निजी संस्था में यूरिया खाद की खेप पहुंची थी, जिसका वितरण शनिवार सुबह किया गया। खाद मिलने की सूचना पर किसान सुबह करीब 7 बजे ही कड़ाके की सर्दी में दुकान पर पहुंच गए। देखते ही देखते किसानों की कतारें बढ़ती गईं, जो राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच गईं। भीड़ की स्थिति को देखते हुए सवाईपुर चौकी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस कांस्टेबल रजनीश कुमार एवं संदीप कुमार पहुंचे और व्यवस्था संभाली। पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से खाद का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार 640 यूरिया कट्टों के वितरण के लिए 900 से अधिक किसान पहुंचे, जिससे अधिकांश किसानों को निराश लौटना पड़ा। इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक किशन गुर्जर, खाद विक्रेता हिमांशु श्रोत्रिय सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।